आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 30.01.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश की आम जनता को बड़ी राहत दी, राजकीय मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों से अब एक समान यूजर चार्ज लिया जाएगा।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों की अंक तालिका में कर्नाटक 5 स्वर्ण और 2 रजत पदक के साथ शीर्ष स्थान पर, उत्तराखंड 1 कांस्य पदक के साथ 12वें पायेदान पर बना हुआ है।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने जोर देते हुए कहा कि मानवता का भविष्य पर्यावरण की सुरक्षा और जैव विविधता के संतुलन पर निर्भर करता है।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा के मई में शुरू होने की संभावना।

स्वास्थ्य सुविधाएं

सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश की आम जनता को बड़ी राहत दी है। राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों से अब एक समान यूजर चार्ज लिया जाएगा। आईपीडी पर्ची बनाने से लेकर बेड और एंबुलेंस का एक समान शुल्क किया गया है।

उत्तराखण्ड में पांच राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून, श्रीनगर, हरिद्वार, हल्द्वानी व अल्मोड़ा में संचालित हैं। इसके साथ निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर व पिथौरागढ़ के संबद्ध चिकित्सालय भी संचालित हैं। इन मेडिकल कॉलेजों के अस्पतालों में मरीजों का पंजीकरण शुल्क, बेड, एंबुलेंस व अन्य पैथोलॉजी जांच की दरें अलग–अलग हैं। मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सालयों की तर्ज पर मेडिकल कॉलेजों के अस्पतालों में यूजर चार्ज की एक समान दरें लागू करने का निर्णय लिया है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि सभी राजकीय मेडिकल कॉलेज में यूजर चार्जेज में एकरूपता लाने के लिए एक समान दर तय की गयी है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि एक समान यूजर चार्जेज होने से संपूर्ण राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में एक समानता आने के साथ–साथ मरीजों को नवीन दरों का लाभ भी मिल सकेगा।

राष्ट्रीय पदक

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की अंक तालिका में कर्नाटक 5 स्वर्ण और 2 रजत पदक के साथ शीर्ष स्थान पर है। मनीपुर 4 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे और महाराष्ट्र दो स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं, उत्तराखंड एक कांस्य पदक के साथ अंक तालिका में 12वें पायेदान पर है। बागेश्वर की ज्योति वर्मा 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने देहरादून के स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। खेल मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय खेल में उत्तराखंड के लिए पहला पदक जीतने पर ज्योति वर्मा को बधाई दी है। खेल मंत्री ने कहा कि ज्योति से प्रेरणा लेकर प्रदेश के अन्य खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतेंगे।

रामिता जिंदल

हरियाणा की रामिता जिंदल ने 38वें राष्ट्रीय खेल में महिला 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में विश्वस्तरीय प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने बुधवार को त्रिशूल शूटिंग रेंज में हुए इस मुकाबले में 634.9 स्कोर किया, जो पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में कोरिया की बान ह्योजिन के 634.5 स्कोर से बेहतर था।

रामिता ने 0.4 अंकों के अंतर से महाराष्ट्र की आर्या बोरसे को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

शूटिंग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित होगा।

सैंड बीच प्रतियोगिता

टिहरी जिले के शिवपुरी में सैंड बीच हैंडबॉल प्रतियोगिता को लेकर देशभर के खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। कल पुरुष और महिला वर्ग में कुल 8 मैच खेले गए। पहले मैच में राजस्थान की टीम विजयी रही, जबकि दूसरे मैच में स्पोर्ट्स सर्विसेज कंट्रोल बोर्ड ने उत्तराखंड को शिकस्त दी। एक अन्य मैच में उत्तर प्रदेश ने गोवा को हराया। पुरुष वर्ग में तेलंगाना और झारखंड के बीच खेले गए मैच में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पिछले राष्ट्रीय खेलों में हैंडबॉल की विजेता रही हरियाणा महिला टीम की खिलाड़ी प्राची का कहना है कि उनकी टीम इस बार भी चैंपियन बनेगी। इसके लिए पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है।

टिहरी से खेल अधिकारी दीपक रावत ने बताया कि शिवपुरी में सैंड बीच हैंडबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं चल रही हैं। जबकि टिहरी बांध में कैनोइंग, कयाकिंग और रोइंग की प्रतियोगिताएं आयोजित होनी है।

38वें राष्ट्रीय खेल

प्रदेश के आठ जिलों के 11 शहरों में राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न स्पर्धाएं चल रही हैं। इसी कड़ी में ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। पहले दिन वॉलीबाल मुकाबले में केरल ने पश्चिम बंगाल को और दूसरे मुकाबले में राजस्थान ने हिमाचल प्रदेश को शिकस्त दी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. नीरज खैरवाल ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। एशियन फेंसिंग कॉन्फ़ेडरेशन के महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि यूपी से अलग होने के बाद पहली बार उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर मिला है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में खेल आधारभूत ढांचा काफी मजबूत है तथा राज्य के सभी खेल मैदानों को विश्व स्तरीय बनाया गया है।

पर्यावरण सुरक्षा

38वें राष्ट्रीय खेल के आयोजन में पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रीन फायरवर्क्स और कोल्ड पाइरोज़ का उपयोग किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और खेलों को अधिक पर्यावरण–अनुकूल बनाना है। इस नवाचार से राज्य सरकार को उम्मीद है कि यह भविष्य के आयोजनों के लिए एक मिसाल बनेगा।

परंपरागत पटाखों की तुलना में ग्रीन फायरवर्क्स कम हानिकारक गैसों का उत्सर्जन करते हैं और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। इन पटाखों में रसायनों का प्रयोग सीमित किया गया है, जिससे कार्बन फुटप्रिंट भी कम होता है। इसके अलावा, कोल्ड पाइरोज़ का उपयोग किया जा रहा है, जो पारंपरिक आतिशबाज़ी की तुलना में कम धुआं और गर्मी उत्पन्न करते हैं, जिससे पर्यावरण को कम नुकसान होता है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने कहा कि मानवता का भविष्य पर्यावरण की सुरक्षा और जैव विविधता के संतुलन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर इन प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करनी होगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित किया जा सके। देहरादून में भारतीय वन्यजीव संस्थान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वन्यजीव संस्थान द्वारा किए जा रहे शोध और प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि राज्य की आर्थिकी को भी सुदृढ़ करने में सहायक हो सकते हैं। राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े उत्पादों पर आधारित 'सोविनियर शॉप' और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 'जल खाता अभियान' का भी शुभारंभ किया।

कैलास मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा के जल्द शुरू होने की उम्मीद है। वर्ष 2019 से बंद कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर नई दिल्ली में भारत और चीन के बीच हुई बैठक के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि इस साल से यात्रा फिर से शुरू हो सकती है। पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र ने बताया कि इस साल मई में यात्रा फिर से शुरू होने की संभावना है। श्री चंद्र ने बताया कि बैठक में यात्रा को फिर से शुरू करने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और यात्रा शुरू करने पर आम सहमति बनी। उन्होंने बताया कि कुमाऊं मंडल विकास निगम ने धारचूला से लिपुपास तक सड़क तैयार करने के साथ ही यात्रियों के ठहरने के लिए जगह–जगह हट्स तैयार कर ली हैं। इसके अलावा यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं भी जुटाई जा रही हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के तहत प्रतियोगिताएं जारी है... हिन्दुस्तान लिखता है– उत्तराखंड के खाते में पहला पदक, दूसरी खबर की हेडलाइन में लिखता है– मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर नेशनल गेम्स में आने का दिया न्योता।

प्रदेश में छोटी सरकार का कार्यकाल अब जल्द ही शुरू होने वाला है... दैनिक जागरण लिखता है–अगले सप्ताह से काम संभालेगी निकायों की नई सरकार... हिन्दुस्तान ने लिखा है– भव्य समारोह में शपथ लेगी शहर की नई सरकार..

मई से शुरू हो सकती है विश्व प्रसिद्ध कैलाश मानसरोवर यात्रा– अमर उजाला का शीर्षक– खबर के मुताबिक– विदेश मंत्रालय की दिल्ली में हुई बैठक में मिले संकेत, विभाग ने शुरू की तैयारी, कोरोना काल से बंद है धार्मिक यात्रा।

दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकाली गई उत्तराखंड की झांकी को परेड में मिला तीसरा स्थान– हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक– खबर में लिखा है– संस्कृति और साहसिक खेल पर आधारित रही झांकी, मुख्यमंत्री धामी ने दी बधाई।